# प्रतिवेदन

**विषय : हिन्दी पखवाड़ा आयोजन**

**स्थान : (सी.आर.सी.), गुवाहाटी**

**तिथि : 26 सितम्बर 2025**

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन, सशक्तिकरण केन्द्र (सी.आर.सी.), गुवाहाटी में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन 26 सितम्बर 2025 को किया गया। इस अवसर पर लगभग 100 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में निदेशक, संकाय सदस्य, कर्मचारी, दिव्यांगजन और उनके अभिभावकों तथा छात्रों की सक्रिय उपस्थिति रही।

**कार्यक्रम का शुभारंभ**

कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक **डॉ. पी. के. लेंका** द्वारा दीप प्रज्वलन एवं संबोधन से हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में हिन्दी भाषा के महत्व, उसकी उपयोगिता तथा जन-जन की भाषा के रूप में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

**मुख्य आकर्षण**

इस अवसर पर कर्मचारियों एवं संकाय सदस्यों ने हिन्दी को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न प्रस्तुतियाँ दीं। इनमें प्रमुख रूप से -श्री परम्वीर, श्री रवि कुमार, डॉ. दीपक कुमार ऐच, श्रीमती एम. आयरिश, श्री राजीव भारद्वाज, श्री राजकमल पाण्डेय, श्रीमती मिताली शर्मा, डॉ. अज़ीजा करीम, श्री मन्तु पॉल ने अपनी-अपनी प्रस्तुति एवं विचार रखे। विशेष रूप से, **दिव्यांगजन बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रस्तुतियों (आर्टिस्टिक स्किल्स)** से सभी को प्रभावित किया।

**पुरस्कार वितरण**

कार्यक्रम के अंत में **सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार** प्रदान किए गए, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ।

**संचालन एवं समापन**

कार्यक्रम का संचालन श्री राजेश कुमार ने किया। अंत में उन्होंने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा सभी उपस्थित प्रतिभागियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**निष्कर्ष**

हिन्दी पखवाड़ा आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इसने हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार और उसके महत्व को रेखांकित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**प्रस्तुतकर्ता:**
राजेश कुमार, विशेष शिक्षक
समन्वयक